# Foundation Batch

## Reasoning

### Syllabus

(1). कोडिंग-डिकोडिंग (Coding-Decoding)
(2). समानता (Analogy)
(3). वर्गीकरण (Classification)
(4). श्रृंखला (Series)
(5). रक्त सम्बंध (Blood Relation)
(6). दिशा (Direction)
(7). वेन-आरेख (Venn-Diagram)
(8). युक्तिवाक्य (Syllogisms)
(9). क्रम-व्यवस्था (Ranking Test)
(10). बैठक व्यवस्था (Seating Arrangement)
(11). शब्दकोश क्रम और शब्दों का तार्किक क्रम (Dictionary Order and Logical Sequence of Words)
(12). लुप्त संख्या (Missing Number)।
(13). वर्णमाला परीक्षण (Alphabet Test)
(14). शब्द-गठन (Words Formation)
(15). सशर्त संख्या/ अक्षर/ चिन्ह (Conditional No./Letter/Sign)
(16). कैलेण्डर (Calendar)
(17). घड़ी (Clock)
(18). गणितीय संक्रियाएँ (Mathematical Operations)
(19). अंकगणितीय तर्कशक्ति (Arithmetic Reasoning)
(20). आयु समस्या (Age-Problem)
(21). पासा (Dice)

(22). घन (Cube)
(23). असमानता (Inequality)
(24). आव्यूह (Matrix)
(25). Data Sufficiency
(26). Input - Output

## Logical Reasoning


(27). कथन - निष्कर्ष (Statement conclusion)
(28). कथन - पूर्वधारणा (Statement Assumption)
(29). कथन - तर्क (Statement Argument)
(30). कथन - कार्यवाही (Statement Action)
(31). कारण - प्रभाव (Causes Effect)
(32). आँकड़ों की पर्याप्तता (Data Sufficiency)
(33). निर्णयन क्षमता (Decision Making)
(34). मानासिक अभिरुचि (Mental Aptitude)
(35). पहेली परीक्षण (Puzzle Test)

## Non-Verbal Reasoning

(36). जल छवि व दर्पण छवि (Mirror Image and Water Image)
(37). चित्र श्रृंखला (Figure Series)
(38). चित्र सादृश्य (Figure Analogy)
(39). चित्र वर्गीकरण (Figure classification)
(40). कागज मोड़ना व काटना (Paper Folding and Cutting)
(41). आकृति पूर्ण करना (Figure completion)
(42). छिपि आकृति (Hidden Figure)
(43). आकृति निर्माण (Figure Formation)
(44). बिंदु स्थिति (Dot Situation)
(45). आकृति की गणना (Figure counting)

# बैठक व्यवस्था
## (Seating Arrangement)


### ✱ Left / Right




**प्रश्नों के प्रकार (Types of Questions)** → 2 प्रकार

- पंक्ति पर आधारित प्रश्न (Line Based Questions)
- वृत्त पर आधारित प्रश्न (Circle Based Questions)
  - सम (Even)
  - विषम (Odd)

सम (Even)





विषम (Odd)




**NOTE** विषम लोगों की स्थिति होने पर कभी-भी विपरीत ज्ञात नहीं किया जा सकता।


(1). पाँच मित्र विष्णु, चिराग, रैना, काव्या और सुरभि, एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केन्द्र की तरफ मुख करके इस प्रकार बैठे हैं, कि विष्णु, काव्या के ठीक दाँये है। चिराग, काव्या के बाँये से तीसरे स्थान पर है। सुरभि, चिराग के निकट नहीं है। काव्या के बाँए से दूसरे स्थान पर कौन है?

⇒ रैना (✓)




(2). छः व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। काया, जया और तारा के ठीक बगल में है। सोनल, प्रिया और स्वाति के ठीक बगल में है। सोनल, प्रिया के दाईं ओर ठीक बगल में बैठी है, तारा और स्वाति एक दूसरे के ठीक बगल में नहीं बैठी है। प्रिया के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठी है−

⇒ तारा (✓)




(3). छः सहकर्मी A, B, C, D, E और F एक साथ एक वृत्ताकार मेज पर वृत्त के केन्द्र की ओर मुख करके एक दूसरे से समान दूरी पर बैठकर भोजन कर रहे हैं। D, E और B के ठीक बगल में बैठा है, जबकि C, A और F के ठीक बगल में बैठा है। यदि A, E के बाईं ओर F ठीक बगल में बैठा है, तो C के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है−


⇒ F (✓)




(4). छः कवि A, B, C, D, E और F एक घेरे में एक-दूसरे सामने, केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। A, E के सामने बैठा है। F, E के पास में बैठा है। A, C के पास में बैठा है। B, D के ठीक दाँये बैठा है। C, B के सामने बैठा है।


B के बाँए पाँचवें स्थान पर कौन बैठा है?

⇒ E (✓)





(5). A, C, I, L, M और Y गोल मेज के परितः इसके केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C ठीक M के दाँए पड़ोस में बैठा है। A ठीक I और Y के बीच में बैठी है। Y ठीक M के दाँए दूसरे स्थान पर बैठी है। L और A के बीच में कौन बैठा/बैठी है−

⇒ I (✓)





(6). सात दोस्त M, N, O, P, Q, R और S एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। P और R, N के पड़ोसी हैं। R, Q के बाँई दूसरे स्थान पर है। S, N के बाँई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O, R और Q के बीच बैठा है। O के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

⇒ M (✓)





(7). छः मित्र A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। D, B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है। F, D के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C, D और E के बीच में बैठा है। B और F के बीच में कौन बैठा है-

⇒ A (✓)




(8). सात मित्र, E, F, G, H, I, J और K एक वृत्ताकार मेज के साथ केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। F और I, क्रमशः G के ठीक बाँए और दाँए बैठे हैं। H, G के बायीं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। E और I, J के पड़ोसी हैं। H के निकटतम दायीं ओर कौन बैठा है-

⇒ K (✓)




# Seating Arrangement

## PART- 2


(1). छः लड़कियाँ एक वृत्ताकार घेरे में बैठी हैं। सरिता जो कि सुषमा के बाईं ओर है तथा सुधा के दाईं ओर है। सरिता के सामने शिल्पी है। शिल्पी, सरोज के बाईं ओर तथा शोभा के दाईं ओर है। यदि सरोज, सरिता से एवं शोभा, सुषमा से अपना स्थान बदल लेती है, तो बताएँ कि सरिता के सामने कौन बैठेगी ?

⇒ शोभा (✓)





(2). आठ मित्रों का एक समूह S, P, L, E, N, D, O, R एक वृत्त में समान दूरी पर बैठे हैं। S और P क्रमशः उत्तर दक्षिण में और L और E पूर्व, पश्चिम दिशा में बैठे हैं। N, S और L के बीच में बैठा है और O के सामने तिरछा बैठा है। R यदि E के बाद बैठा है, तो D कहाँ बैठा है ?

⇒ P और L के बीच में (✓)




(3). पाँच व्यक्ति केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्ताकार घेरे मे बैठकर ताश खेल रहे हैं। मुकन्द, राजेश के बाईं ओर है। विजय, अनिल के दाईं ओर एवं अनिल और नागेश के बीच में है। बताएँ कि नागेश के दाईं ओर कौन है?

⇒ मुकुन्द (✓)




(4). निम्न लिखित जानकारी को पढ़िए, नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) A, B, C, D, E, F और G केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में बैठे हैं, और ताश खेल रहे हैं।

(ii) E पड़ोसी है, A एवं D का।

(iii) G बीच में नहीं है, F और C के।


(iv) F एकदम दाएँ A के है।




⇒ निम्न लिखित में से कौन-सा एक-दूसरे के बगल में बैठा हुआ जोड़ा नहीं है- BA

(5). निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए-


A, B, C, D, E, F, G और H केन्द्र की ओर मुँह करके एक वृत्त के गिर्द बैठे हुए हैं। E और G हमेशा एक-दूसरे के निकट बैठते हैं। D, C के दाएँ तीसरे स्थान पर बैठता है। F, H के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठता है। C कभी भी A के अगले स्थान पर नहीं बैठता है, जबकि D कभी भी G के अगले स्थान पर नहीं बैठता है। H, D और C का पड़ोसी नहीं है।




⇒ A और D के बीच कौन बैठता है- F

(6). छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्त में खड़े हैं, B, F तथा C के बीच खड़ा है। A, E तथा D के बीच खड़ा है। F, D की बाईं ओर खड़ा है। A तथा F के बीच कौन खड़ा है?

⇒ D (✓)



(7). एक पंक्ति में बैठे पैनल के छः सदस्यों में से A, C के दाईं ओर बैठा है, किंतु B के बाईं ओर बैठा है। E, C के बाईं ओर और D के दाईं ओर बैठा है। जबकि D स्वयं F के दाईं ओर बैठा है। बताइए पंक्ति के दोनों किनारों पर कौन-से सदस्य बैठे हैं–

⇒ F, B (✓)

Left ↑ Right

| F | D | E | C | A | B |
|---|---|---|---|---|---|

(8). सात लड़के A, B, C, D, E, F और G एक लाइन में खड़े हैं।

(i) G, A और E के बीच में है।

(ii) F और A के बीच में एक लड़का है।

(iii) E और C के बीच में दो लड़के हैं।

(iv) D, F के ठीक दाईं ओर है।

(v) C और B के बीच में तीन लड़के हैं।

बाईं ओर से दूसरा लड़का कौन है?

⇒ E (✓)

| B | E | G | A | C | F | D |
|---|---|---|---|---|---|---|

(9). पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E आपके सामने मुँह करके एक पंक्ति में इस प्रकार बैठे हैं कि D, C के बाईं ओर है और B, E के दाईं ओर है। A, C के दाईं ओर है और B, D के बाईं ओर है। यदि E कोने में बैठा हो, तो पंक्ति के बीच में कौन बैठा है–

⇒ D (✓)

| A | C | D | B | E |
|---|---|---|---|---|

# Seating Arrangement

## PART -: 3

(1). निम्नलिखित जानकारियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i). A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर मुँह करके एक कतार में बैठे हुए हैं।

(ii). F, E के ठीक दाईं ओर हैं।

(iii). C, B और D का पड़ोसी हैं।

(iv). वह व्यक्ति जो कि D के बाईं ओर तीसरा है, वह एक छोर पर हैं।

(v). E, G के दाईं ओर चौथा हैं।

| G | B | C | D | E | F | A |
|---|---|---|---|---|---|---|

(2). प्रत्येक प्रश्न नि० लि० जानकारियों पर आधारित हैं। दिए गए जानकारियों को ध्यान से पढ़कर इनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i) नौ मित्र A, B, C, D, E, F, G, H और I एक बेंच पर कक्षा में बैठे हुए हैं।

(ii) C जो कि D के ठीक दाईं ओर है, E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर हैं।

(iii) B एक छोर पर हैं।

(iv) H, F और G का निकटतम पड़ोसी है।


(v) F, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर हैं।

(vi) A, F के ठीक बाईं ओर हैं।

| E | I | D | C | A | F | H | G | B |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|


(3). चार लड़कियाँ तथा चार लड़के एक वर्ग में केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। प्रत्येक वर्ग के कोनों पर तथा उसकी भुजाओं के मध्य बिंदुओं पर बैठे हैं। मधु की स्थिति अभा के ठीक सामने विकर्णरूप में है, जो गीता के दाहिनी ओर बैठी है। गीता से अगला राय, गोपी के सामने है, जो बोस के बाईं ओर बैठा है। सुमा की स्थिति मधु के दाहिने न होकर प्रेमा के सामने है। बोस के सामने कौन बैठा है?

⇒ गीता (✓)





(4). सात मित्र पर्व, काज़ी, रईस, सुशील, तानिया, उमा और विष्णु एक वृत्ताकार मेज के केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। पर्व, तानिया और सुशील दोनों का निकटतम पड़ोसी है। उमा, काज़ी, और विष्णु दोनों की निकटतम पड़ोसन है। काज़ी, तानिया के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। काज़ी के बगल में बाईं ओर कौन बैठा/ बैठी है?

⇒ रईस (✓)




(5). अमित, बबलू, रमेश, दीपक, इमरान, सुनील और संजू एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज़ के केन्द्र के विपरीत मुँह करके बैठे हैं। अमित, इमरान और संजू के बगल में नहीं बैठा है। बबलू, अमित के बगल में नहीं बैठा है। संजू, इमरान के बाँए से दूसरे स्थान पर बैठा है। रमेश, अमित के बाँए से चौथे स्थान पर बैठा है। दीपक और बबलू एक दूसरे के बगल में बैठे हैं। अमित के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

⇒ सुनील (✓)




(6). आठ लड़कियाँ X, Y, Z, U, V, W, S और T एक गोलाकार मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठी हैं (आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हो)। X, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। U, V के बाईं ओर तीसरी है। Z, S के दाईं ओर तीसरी है। S, V की निकटतम पड़ोसी नहीं है। T, Y के दाईं ओर तीसरी है। Y, S के दाईं ओर दूसरी है। नि० लि० चार विकल्प में से तीन एक निश्चित तर्क से समान हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं। नि० लि० में से कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है?

⇒ YZ (✓)

